दिनांकः 13.02.2026
समय : 09:00 ए.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन का औपचारिक उदघाटन करेंगे।
- प्रदेश में खेजडी वृक्ष की कटाई पर रोक–इसके संरक्षण के लिए सरकार जल्द कानून लायेगी।
- विश्व रेडियों दिवस आज–ये डिजिटल युग में भी संचार का सशक्त माध्यम बना हुआ है।
- प्रदेश के अधिकतर हिस्सो में तापमान में बढोतरी से सर्दी का असर कम हुआ।

....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में **सेवा तीर्थ भवन परिसर** के नामकरण का अनावरण करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री **सेवा तीर्थ** और कर्तव्य भवन–1 और 2 का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री का शाम को सेवा तीर्थ में एक जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। यह उद्घाटन देश की प्रशासनिक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। यह आधुनिक, कुशल, सुलभ और नागरिक–केंद्रित सुशासन प्रणाली के निर्माण के प्रति प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रतिबद्धता दर्शाता है। सेवा तीर्थ में प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और मंत्रिमंडल सचिवालय स्थित हैं। ये पहले अलग–अलग स्थानों पर थे। नए भवन परिसर आधुनिक और भविष्य के लिए तैयार सुविधाओं के भीतर प्रशासनिक कार्यों को समेकित करते हैं। कर्तव्य भवन–1 और 2 में कई प्रमुख मंत्रालय स्थित हैं।

....

प्रदेश में खेजडी वृक्ष की कटाई पर रोक लगा दी गई है। खेजडी काटने के विरोध में बीकानेर में चल रहे आन्दोलन में कल शाम सरकार की ओर से प्रतिनिधि मण्डल भेजा गया। इसके बाद यह निर्णय लिया गया है। उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई सरकार की ओर से बीकानेर पहुंचे, उन्होंने खेजडी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि जल्द ही सरकार विधानसभा में इस बारे में बिल लेकर आयेगी। इस बीच राजस्व विभाग के शासन सचिव डॉक्टर जोगाराम की ओर से सभी जिला कलेक्टरों को खेजडी कटाई पर रोक के लिए आदेश जारी किये गये है। गौरतलब है कि राज्य वृक्ष खेजडी की विशिष्ट पहचान है और राज्य सरकार लोगों की भावनाओं को देखते हुए इसके संरक्षण के लिए संकल्पित है।

....

राज्य विधानसभा में आज बजट पर चर्चा जारी रहेगी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों से जुडे सवाल जवाब, अधिसूचनाओं और वार्षिक प्रतिवेदनों को सदन के पटल पर रखा जायेगा। इनमें गृह विभाग की अधिसूचनाएं और रिडको तथा कैम्पा प्राधिकरण का वार्षिक प्रतिवेदन शामिल है। इससे पहले कल कार्य सलाहकार समिति ने 19 फरवरी तक सदन के कामकाज की रूपरेखा तय की जिसका सदन में सर्व सम्मति से अनुमोदन किया गया।

....

प्रदेश में एस.आई.आर प्रकिया–2026 के तहत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन अब 14 फरवरी के बजाय 21 फरवरी को किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार ये निर्णय लिया गया है।

....

प्रदेश में जन केन्द्रीत सुशासन का मॉडल विकसित किया जायेगा। इसे भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टोलरेंस वाला ओर अधिक पारदर्शी तथा जवाब देह बनाया जायेगा। मुख्य सचिव वी श्री निवास ने कल जयपुर मे विकसित राजस्थान / 2047 के विजन के प्रभावी कियान्वयन के लिए गठित सेक्टोरल ग्रुप ऑफ सेकेट्रीज

की बैठक ली। बैठक में शासन व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने कहा की अगले साल तक राज्य की सभी सरकारी सेवाओं को ऑनलाईन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

....

आज विश्व रेडियों दिवस है। 13 फरवरी 1946 को संयुक्त राष्ट्र रेडियो की स्थापना की स्मृति में ये दिन मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम "रेडियो और कृत्रिम बुद्धिमत्ताः एआई एक उपकरण है, आवाज़ नहीं।" रखी गयी है। विश्व रेडियो दिवस पर पेश है न्यूज डेस्क से डॉ. सालेहा गाज़ी की रिपोर्ट

....

पाली के साण्डेराव में आज से निम्बेश्वर महादेव पशु मेले की शुरूआत हो रही है। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत झण्डा रोहण कर मेले की शुभारंभ करेंगे। 17 फरवरी तक चलने वाले इस मेले में श्रेष्ठ नस्लों के ऊंट, घोड़ो, भेड–बकरी का प्रदर्शन किया जायेगा। हमारे पाली संवाददाता ने इस दौरान पशुओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेगी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

....

भरतपुर के स्थापना दिवस समारोह का आज से आगाज हो रहा है। ये कार्यक्रम 19 जनवरी तक चलेंगे। 7 दिवसीय इस समारोह में धार्मिक, सांस्कृतिक, खेल और सामजिक जन जागरूकता से जुडी कई गतिविधियां होगी। और ब्योरा हमारे भरतपुर संवाददाता से–

....

प्रदेश में अधिकतर हिस्सो में तेज ठण्ड का असर अब कम होने लगा है। दिन और रात के तापमान में बढोतरी दर्ज की जा रही है। इससे सर्दी का असर अब सुबह शाम ही नजर आ रहा है। बीते 24 घंटों में 2 स्थानों बाड़मेर और चित्तौडगढ़ मे दिन का पारा 31 डिग्री सेल्सियस के पार रिकॉर्ड हुआ। वहीं 6 शहरों में रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। 5 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सीकर का फरतेहपुर सबसे सर्द रहा। राजधानी जयपुर में कल बादल छाए रहे और हवाएं भी चली। जयपुर में दिन और रात के तापमान में करीब 2 डिग्री की गिरावट आयी है। मौसम विभाग ने राज्य में अगले दो–तीन दिन मौसम साफ रहने और तापमान में एक से दो डिग्री बढोतरी की संभावना जतायी है।

....

मौसम में उतार–चढाव से बीमारियों का प्रकोप भी बढ रहा है। अस्पतालों में मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या इन दिनों काफी बढ गयी है। इसे देखते हुए जे.के.लॉन अस्पताल के अधीक्षक डॉ. आर.एन. सैरा ने बच्चों का विशेष ध्यान रखने की अपील की है।

....